एशियाई कैनो स्लालम चैंपियनशिप

चर्चा में क्यों?

चीन के गुइझोऊ में प्रतिष्ठित [एशियाई कैनो स्लालम चैंपियनशिप] में मध्य प्रदेश **जल क्रीडा अकादमी** की महिला एथलीटों ने महिला कैनो स्लालम टीम स्पर्द्धा में **रजत पदक जीता** जबकि चीन ने स्वर्ण पदक जीता।

मुख्य बिंदु

- **कैनो स्लालम के बारे में:**
    - कैनो स्लालम में प्रतियोगी एक **श्वेत-जल मार्ग पर नौकायन** करते हैं, जिसकी लंबाई सामान्यतः 300 मीटर तक होती है। इसमें उन्हें **अधिकतम 25 अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम गेटों** से होकर गुजरना होता है तथा सबसे कम समय प्राप्त करना होता है।
- **चैंपियनशिप में भागीदारी:**
    - एशियाई कैनो परिसंघ ने 14 से 17 अगस्त वर्ष 2025 तक चैंपियनशिप का आयोजन किया जिसमें **भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित** 10 देशों और क्षेत्रों के लगभग 100 एथलीट और कोच शामिल हुए।
- **भारतीय टीम:**
    - भारतीय टीम में मध्य प्रदेश की **तीन प्रतिभाशाली एथलीट** शामिल थीं: शिखा चौहान, पल्लवी जगताप और रीना सेन।
- **महत्त्व:**
    - रजत पदक भारतीय महिला टीम की हाल के वर्षों में **सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में से एक है**। यह उपलब्धि जल-क्रीडाओं के क्षेत्र में भारत की प्रगति को भी दर्शाती है, जिसका श्रेय खिलाड़ियों के उन्नत प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन को जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन (ICF)

- यह कैनो और कायक **नौकायन खेलों की वैश्विक सर्वोच्च संस्था** है। यह विश्वभर में **10 विधाओं की देखरेख** करता है तथा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- पाँच महाद्वीप (अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया) ICF की **कार्यकारिणी समिति और निदेशक मंडल में** प्रतिनिधित्व करते हैं।
  - प्रत्येक महाद्वीप अपने-अपने **महाद्वीपीय अधिवेशन** के दौरान महाद्वीपीय प्रतिनिधियों तथा एक अध्यक्ष का निर्वाचन करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-canoe-slalom-championship